उद्योग जगत की पहली पसंद उत्तर प्रदेश

देश-विदेश से अब तक ₹12 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले

"उत्तर प्रदेश में वैल्यूज हैं, वर्ट्यूज हैं, लेकिन अब बदले हुए समय में वैल्यू एडिशन की भी ज्यादा आवश्यकता है। सिर्फ वर्क कल्चर में ही नहीं, सिर्फ बिजनेस कल्चर में ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में यूपी की जो को-स्ट्रेन्थ है, उसमें वैल्यू एडिशन की आज बहुत जरूरत है। मुझे बहुत खुशी है कि योगी जी की सरकार इस बात को ध्यान में रखते हुए अपने निर्णय ले रही है। नीतियां बना रही है। यूपी में औद्योगिक निवेश को रोजगार सृजन से जोड़ते हुए यहां पर नीतियां बनाई जाती हैं। नीतिगत निर्णय लिए जा रहे हैं। योगी जी की सरकार द्वारा अलग-अलग सेक्टर्स के हिसाब से अलग-अलग पॉलिसी बनाकर काम किया जा रहा है।"

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

इन सेक्टर में मिले प्रस्ताव –
हॉस्पिटैलिटी, फूड प्रोसेसिंग, फार्मा, मेडिकल डिवाइस, केमिकल, टूरिज्म, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, ग्रीन हाइड्रोजन, ईवी बैटरी, एमएसएमई, दुग्ध, शिक्षा, डिफेंस एंड एयरोस्पेस, सेमीकंडक्टर, ड्रोन विनिर्माण, कृषि, टेक्सटाइल, स्टील मैन्युफैक्चरिंग, हॉर्टिकल्चर, वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट, डाटा सेंटर, रिवर बेसिन मैनेजमेंट आदि ।

इन कंपनियों से मिले प्रस्ताव –
डसाल्ट, सैफरॉन, एयर लिक्विड, थॉमसन, सैंमीना कॉर्पोरेशन, कम्प्यूटिंग, सिस्टास, एचएमआई, सैमसंग, आइकिया, एरिक्सन, मदरसन, एनटीटी ग्लोबल, मित्सुई आदि।

उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प अभूतपूर्व सफलता की ओर अग्रसर है। फरवरी में होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले ही प्रदेश में भारी भरकम निवेश का रास्ता साफ हो गया है। अब तक 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव यूपी को मिल चुके हैं। देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में दिग्गज उद्योगपतियों के साथ हुई मुख्यमंत्री की वार्ता में 05 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिल गए हैं। वहीं 16 देशों की यात्रा पर गई टीम यूपी 7.12 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पहले ही ला चुकी है। दो दिनी मुंबई दौरे के दौरान मुख्यमंत्री के साथ रिलायंस, टाटा संस, अडानी, गोदरेज, बिरला, सिरमल, वेदांता, पार्ले, हिंदुजा, लोढ़ा और रैनबक्सी सहित दो दर्जन से अधिक उद्योगपतियों ने मुलाकात कर निवेश की इच्छा जताई।

अम्बानी, अडानी जैसे बड़े उद्योग समूह यूपी में करेंगे निवेश

रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अम्बानी ने पूरे यूपी में 5जी इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से उत्तर प्रदेश के गांवों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने सहित इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन एनर्जी सेक्टर में निवेश का प्रस्ताव दिया है।

मुख्यमंत्री के साथ विशेष मुलाकात में अडानी समूह के करन अडानी ने वेयरहाउसिंग व लॉजिस्टिक्स सेक्टर में बड़े निवेश की कार्ययोजना पर चर्चा की तो 07 अलग-अलग स्थानों पर स्टीमेट की इकाइयां लगाने पर भी विमर्श हुआ। करन अडानी ने मुख्यमंत्री योगी की औद्योगिक नीतियों की प्रशंसा करते हुए लखनऊ एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की योजना पर चर्चा की। उन्होंने यूपी डिफेंस कॉरिडोर में ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा एम्यूनिशन हब बनाने की कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की। यूपी के हर जिले में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की नीति से खासे प्रभावित करन अडानी ने बलिया और बाराबंकी में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा, साइलोज, स्मार्ट मीटर मैन्युफैक्चरिंग में भी अडानी समूह निवेश करेगा। उद्योग जगत के लिए कुशल मानव संसाधन की जरूरत बताते हुए करन अडानी ने नोएडा में 10 हजार युवाओं को क्षमता वाला कौशल विकास केंद्र स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा।

टाटा ग्रुप यूपी में एयर इंडिया का करेगा विस्तार

मुम्बई दौरे के दौरान टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व की चर्चा करते हुए यूपी में आध्यात्मिक सर्किट को विकास योजना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया की उड़ान सेवा बहुत जल्द यूपी के सभी एयरपोर्ट्स पर उपलब्ध होगी, साथ ही सभी आध्यात्मिक महत्व वाले स्थलों पर होटल भी स्थापित करेगा। टाटा ग्रुप, पॉवर, हाइड्रोजन, ईवी, फूड प्रोसेसिंग और सेमीकंडक्टर में निवेश की बड़ी योजनाओं पर भी काम कर रहा है।

> "आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जिस समृद्ध आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की है, उसकी राह उत्तर प्रदेश से होकर जाती है। भारत के इस हृदय स्थल में कृषि हो, फूड प्रोसेसिंग हो या फिर डेयरी, स्टार्ट अप, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, रक्षा उत्पादन आदि, ऐसा कोई सेक्टर नहीं, जिसके लिए उत्तर प्रदेश में संभावनाएं न हों। हम अपने प्रदेश में निवेशकों को हर जरूरी संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। इन संभावनाओं का लाभ लेने को उत्तर प्रदेश में उद्योग जगत का स्वागत है।
>
> **योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**

बिरला समूह करेगा कन्वेंशन सेन्टर की स्थापना

आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला ने नोएडा में एक कन्वेंशन सेंटर की स्थापना के लिए सरकार से सहयोग मांगा और कहा कि यह कन्वेंशन सेंटर दुनिया के बड़े कन्वेंशन सेंटर्स में से एक होगा। बिरला समूह ने यूपी की सेक्टोरल नीतियों की सराहना की और फूड प्रोसेसिंग, डेटा सेंटर, वेयरहाउसिंग व लॉजिस्टिक्स के साथ-साथ सोलर एनर्जी सेक्टर में निवेश पर सहमति जताई।

टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़ा पिरामल एंटरप्राइजेज

पिरामल एंटरप्राइजेज के अजय पिरामल ने कहा कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए सतत प्रयत्नशील है। प्रधानमंत्री जी के टीबी मुक्त भारत के संकल्प से जुड़कर हम वाराणसी में खास अभियान चलाएंगे। उन्होंने फार्मा पार्क के विकास के लिए बड़े निवेश के संबंध में अपनी रुचि जताई।

नैमिष धाम के विकास में सहयात्री होगा जिंदल ग्रुप

जेएसडब्ल्यू ग्रुप के एमडी सज्जन जिंदल ने पॉवर जनरेशन के लिए सोनभद्र में आत्याधुनिक तकनीक वाले पम्प स्टोरेज प्लांट की स्थापना, कानपुर में ईवी मैन्युफैक्चरिंग इकाई की स्थापना और एक नई पेंट इकाई लगाने पर चर्चा की। जिंदल ने कानपुर में एक मंदिर और नैमिष धाम के विकास में सहभागी बनने की इच्छा भी जाहिर की।

हीरानन्दानी ने की यूपी की नीतियों की प्रशंसा

हीरानन्दानी समूह के मुखिया दर्शन हीरानन्दानी ने नई परियोजनाओं के लिए एमओयू करते हुए विदेशी पार्टनर के सहयोग से सेमीकंडक्टर निवेश की योजना पर चर्चा की। उधर 16 जिलों में गैस और सोलर डिस्ट्रीब्यूशन कर रहे टोरेंट पॉवर के जिनल मेहता ने बताया कि कंपनी की अभी की परियोजना में 5000 रोजगार पैदा हुए हैं और इसमें 90 फीसदी लाभ स्थानीय युवाओं को मिला है।

वेदांता रिसोर्सेज के मुखिया अनिल अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश में काम करने को सौभाग्य बताते हुए कहा कि वेदांता नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक्स और ईवी सेक्टर में रिसर्च एंड डिवेलपमेंट की बड़ी परियोजना लाने को तैयार हैं। यहाँ करीब 500 विदेशियों को भी नौकरी मिलेगी। इसके अलावा, मोबाइल व टैबलेट पर लगाने वाले ग्लास के निर्माण के लिए गोरखपुर में ग्लास मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने की योजना है। इसके लिए कई कंपनियों के साथ मिलकर एक इको सिस्टम का विकास किया जाएगा।

यहां से भी मिले प्रस्ताव

- गोदरेज समूह बाराबंकी में जल्द शुरू करेगा अपना पॉवर्ड कारखाना।
- लोढ़ा ग्रुप अयोध्या, वाराणसी और गोरखपुर में आवासीय परियोजनाएं करेगा शुरू।
- रैनबक्सी ग्रुप हैदराबाद की तर्ज पर यूपी में निजी फार्मा पार्क स्थापित करेगा। लखनऊ-कानपुर के बीच सेटेलाइट सिटी के विकास में भी सहयोग देगा।

यूपी के विकास और विजन को बैंकर्स ने भी सराहा

प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीतियों से देश के बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर के दिग्गज खासे प्रभावित हैं। बीते दिनों मुम्बई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी के साथ निजि बैंकों व वित्तीय संस्थाओं के प्रमुखों से हुई मुलाकात के दौरान अर्थ जगत के दिग्गजों ने प्रदेश में हुए आमूलचूल बदलावों, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉ एंड ऑर्डर में हुए सुधारों के प्रति विश्वास जताया। साथ ही निवेश के लिए उत्तर प्रदेश को सबसे उत्तम प्रदेश बताया।

यूपी का ट्रांसफॉर्मेशन काबिले तारीफ : उदय कोटक

कोटक महिंद्रा बैंक के सीईओ उदय कोटक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंबई आगमन से हम काफी उत्साहित हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में जो स्टेबिलिटी आ रही है, कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हो रही है, लोगों का भरोसा व विश्वास मजबूत हो रहा है, उसे देखते हुए बैंकर और फाइनेंशियल सिस्टम का हिस्सा होने के नाते हम काफी खुश हैं। 25 करोड़ की आबादी वाले इस प्रदेश ने जिस तरह खुद को बदला है, वह काबिले तारीफ है। इकोनॉमिक डेवलपमेंट के लिए प्रोग्रेसिव पॉलिसीज, 90लाख से अधिक एमएसएमई, इंफ्रास्ट्रक्चर, सेक्टर डेवलपमेंट, स्टार्टअप इकोसिस्टम ने हमारे विश्वास को और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश की ग्रोथ में बड़ा योगदान देने की ओर बढ़ रहा है।

व्यापारिक समुदाय का यूपी में बढ़ा विश्वास

एसबीआई के सीएमडी दिनेश कुमार खारा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सेफ्टी और सिक्योरिटी में जो बदलाव देखने को मिला है, उससे यहां निवेश के लिए उत्सुक व्यापारिक समुदाय और औद्योगिक घरानों का विश्वास बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश में बीते कुछ वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी निवेश किया गया है। रोड और बिजली जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रमुख तत्वों में सुधार बेहद सराहनीय हैं। ये किसी भी इंडस्ट्री को सेटअप करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण तत्व हैं। प्रदेश सरकार अपनी जीएसडीपी को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। इसके लिए कृषि को होप प्रदान करने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। साथ ही इंडस्ट्रीज को बढ़ाने के लिए माहौल देने के साथ-साथ सरकार नए निवेशकों को स्टार्टअप मैकेनिज्म के तहत निवेश के लिए आमंत्रित कर रही है। यह प्रदेश में लॉजिस्टिक से जुड़े क्षेत्रों में एक अच्छा अवसर है।

एमएसएमई निभा रहा है मुख्य भूमिका -शिव सुब्रमण्यम रमन, चेयरमैन सिडबी

सिडबी के चेयरमैन और एमडी शिव सुब्रमण्यम रमन ने कहा कि प्रदेश में इंडस्ट्रियलाइजेशन में एमएसएमई मुख्य भूमिका निभा रहा है। सिडबी उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। सिडबी का मुख्यालय भी लखनऊ में है। बीते कुछ महीनों में सरकार ने एमएसएमई कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए जो पहल की है, वह काफी शानदार है। इसमें क्रेडिट गारंटी स्कीम से लेकर माइक्रो और स्मॉल इंडस्ट्रीज के लिए लोन जैसी सुविधाएं दी गई हैं। सिडबी ने आईआईटी कानपुर के साथ इन्क्यूबेशन सेंटर के लिए हाथ मिलाया है। आईआईटी बीएचयू के साथ भी काम करने जा रहे हैं। सिडबी मुरादाबाद में एक ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू कर रहा है, जहां कोल फर्नेस को पीतल निर्यातकों के लिए गैस फर्नेस में परिवर्तित किया जा रहा है। एफिशिएंट मशीनरी लगाने समेत कई बड़ी परियोजनाओं के लिए सिडबी 1500 करोड़ रुपये के फंड की व्यवस्था कर रहा है।

सिनेमा जगत को भी भाया योगी का यूपी

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले रोड शो करने मुंबई पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और फिल्मी हस्तियों के बीच गर्मजोशी से मुलाकात हुई। मुख्यमंत्री ने फिल्म इण्डस्ट्री के लोगों को यूपी में अधिक से अधिक फिल्में बनाने और यूपी फिल्मसिटी में निवेश के लिए न्योता दिया। सीएम से भेंट करने के बाद फिल्मी हस्तियों ने इसे बेहद आनंदित करने वाला पल बताया। कार्यक्रम के दौरान फिल्म कलाकार एवं सांसद रवि किशन और दिनेश लाल यादव (निरहुआ) भी उपस्थित रहे।

यूपी फिल्म सिटी का बेसब्री से इंतजार-अक्षय कुमार

योगी से मुलाकात के दौरान अक्षय कुमार ने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री बड़ी बेसब्री से यूपी फिल्म सिटी का इंतजार कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार के बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट यूपी फिल्म सिटी से यहां के युवाओं एवं कलाकारों को नए मौके उपलब्ध होंगे।

लोकल को काम जरूरी है-सुनील शेट्टी

बालीवुड के जाने-माने अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी यूपी की फिल्म नीति एवं कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि जीरो क्राइम जीरो क्राइम ही रहना चाहिए। सिर्फ एक्टर नहीं, टेक्निकल टीम बनाना भी महत्वपूर्ण है, जिससे यहां के लोकल को इनकरेज कर सकें। लोकल को काम जरूरी है। दर्शकों को थियेटर में बुलाना बहुत जरूरी है। मैं यूपी के दर्शकों की वजह से ही सुनील शेट्टी बना। हम अच्छे काम से भी जुड़े हैं। हमारी कहानी और संगीत ने लोगों को जोड़ा है।

बोनी कपूर और सुभाष घई ने यूपी को बताया सुरक्षित

बोनी कपूर ने अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश के लिए मुख्यमंत्री व उनके कार्यों की प्रशंसा की। सुभाष घई ने कहा कि यूपी में फिल्म इंडस्ट्री की प्रगति के लिए सीएम का आभार जताया, कहा कि मैं चाहता हूं कि यूपी के बच्चे भी ट्रेंड कलाकार बनें। यूपी के बच्चे ही फिल्म इंडस्ट्री को आगे ले जा सकते हैं।

अपराध मुक्त यूपी को सोनू निगम ने सराहा

पार्श्व गायक सोनू निगम ने कहा कि योगी जी यूपी व महाराष्ट्र को मिलाने का कार्य कर रहे हैं। हमारी तरफ से जो सर्वश्रेष्ठ हो पाएगा, करेंगे। यूपी को अपराध मुक्त कराने के लिए आपने बहुत काम किया।

फिल्म सिटी के साथ इल्म सिटी भी हो - कैलाश खेर

सिंगर कैलाश खेर ने कहा कि फिल्म सिटी के साथ इल्म सिटी की भी जरूरत है। यूपी अध्यात्म के लिए जाना जाता है। भगवान राम, श्रीकृष्ण, शिव की पहली नगरी यूपी में है। भारत और यूपी बदल रहा है। फिल्म सिटी के अंदर इल्म सिटी व मॉडिटेशन सेंटर जरूरी है। हृदय पर भी ध्यान देना होगा। वह आप जैसे संत कर सकते हैं। हम यूपी के हैं। तन-मन-धन से स्वागत करेंगे।

जैकी श्राफ ने खड़े होकर की योगी की सराहना

हरदिल अजीज जैकी श्राफ ने खड़े होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिवादन किया। बोले कि कभी भी घर का खाना चाहिए तो हुकुम करना, मिल जाएगा। कहा कि थियेटर में पॉपकॉर्न की कीमत कम करें। आपको हम सभी चाहते हैं।

यूपी की पैदाइश पर गर्व है-मनोज मुंतशिर

मनोज मुंतशिर बोले कि मैं अमेठी में जन्मा हूं। यूपी के नौजवान विकास के लिए साधुवाद। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे बन चुके हैं। पहले जहां अमेठी से लखनऊ आने में 8-9 घंटे लग जाते थे, अब मात्र दो घंटे लगते हैं। अच्छा लगता है कि रात 12 बजे भी बहन-बेटियां नाइट शिफ्ट कर सुरक्षित घर आती हैं।

यूपी में शूटिंग के लिए हर लोकेशन मौजूद-राजपाल यादव

राजपाल यादव ने कहा कि योगी जी आप अध्यात्म, कर्म-धर्म की जागृति चेतना हैं। यूपी हमारी जन्मभूमि मां और महाराष्ट्र हमारी कर्मभूमि सिनेमा है। मां और सिनेमा के बीच में आपने पहल की है। नोएडा कॉरपोरेट सिटी है। यहां प्रशिक्षण व लैब सेंटर आदि बने। रुहेलखंड जल, जंगल, जमीन से ओतप्रोत है। उसे क्रिएटिव सृजन के रूप में बढ़ाएं। गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, पंतनगर एयरपोर्ट आदि हैं। पड़ोस में नेपाल है। प्रकृति के लिए हमारे पास पहाड़, जंगल भी है। यूपी में शूटिंग के लिए हर लोकेशन मौजूद है। राजपाल यादव ने पर्यटन के साथ ही रोजगार की भी बात की। कार्यक्रम के दौरान कई नामी फिल्मी हस्तियां मौजूद रहीं।

यूपी सरकार का मुख्य फोकस विकास पर

हर्षा बांगरी, एमडी, एग्जिम बैंक

मुम्बई में प्रथम रोड शो कार्यक्रम के दौरान एग्जिम बैंक की एमडी हर्षा बांगरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने में बैंकिंग समुदाय की ओर से सहयोग ही आज की बैठक की प्रमुख थीम थी। उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी विकास हुआ है। क्रिटिकल रिसोर्सेज के क्षेत्र में काफी काम हुआ है। जो सभी तरह के इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट या एग्री सेक्टर डेवलपमेंट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, इसके अलावा हमारी कई और मुद्दों पर बात हुई, जिसमें प्रदेश में सिनिचुअल टूरिज्म का विकास भी बेहद अहम बिंदु था। मैंने प्रदेश सरकार में काफी ग्रहणशीलता महसूस की, चाहे वह प्रस्तावों को स्वीकृत करने से जुड़ी हो या तमाम नीतियों में बदलाव से जुड़ी हो। मुख्य बात यह है कि यूपी सरकार का सारा फोकस विकास पर है।

इन बैंक हस्तियों ने निवेश में दिखाई रुचि

- रिमता गोहती जी.एम., नाबार्ड
- ए.बी. विजय कुमार, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, बैंक ऑफ महाराष्ट्र
- अजय खुराना, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, बैंक ऑफ बड़ौदा
- मनीष जैन, एमडी, स्टैण्डर्ड चार्टर्ड बैंक
- प्रशांत कुमार, सीईओ, यस बैंक
- राकेश शर्मा, सीईओ, आईडीबीआई
- तरुन शर्मा, सीजीएम व सीएफओ, इंडिया एग्जिम बैंक

जिलों तक पहुंचा निवेश का काफिला

बहराइच और बाराबंकी जिले बने रोल मॉडल

उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कोशिशों का असर जनपदों तक पहुंच गया है। बहराइच और बाराबंकी के निवेश मॉडल इसका अहम उदाहरण बनकर उभरे हैं। इन दोनों जनपदों में 2,600 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों के एमओयू हस्ताक्षरित किये गये हैं।

इस मॉडल के तहत उद्यमियों से सीधा जुड़ने और उनकी सभी परेशानियों के समाधान के लिए हेल्प डेस्क बनायी गयी है। जिससे सभी एमओयू को धरातल पर सफलतापूर्वक उतारा जा सके। इससे ज्यादा से ज्यादा निवेश को आकर्षित करने के मामले में जनपदों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी और फरवरी में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए ज्यादा से ज्यादा निवेशक प्रेरित होंगे।

दरअसल, निवेश आकर्षित करने में रोल मॉडल बनकर उभरे बहराइच और बाराबंकी जनपदों ने फरवरी में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए

बहराइच में 1,751 करोड़ रुपये एवं बाराबंकी में 867.2 करोड़ रुपये के एमओयू साइन

500-500 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक क्रमशः 1,751 करोड़ रुपये और 867.2 करोड़ रुपये के निवेश हासिल कर लिये हैं। इसके लिए एमओयू साइन कर लिये गये हैं। इन दोनों जनपदों में शिखर सम्मेलन कर उद्यमियों से सहमति पत्र लिये गये और निवेश सारथी पोर्टल पर भी आवेदन कराया गया। अब इस निवेश को धरातल पर उतारने के लिए भी युद्धस्तर पर प्रयास जारी है।